उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्टर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांकः–परीक्षा/ 18 /2023–24 दिनांकः 14 मई, 2023

–:: अधिसूचना ::–

विषयः– दिनांक 21 मई, 2023 को पद नाम–रक्षक (सचिवालय सुरक्षा संवर्ग) पद की लिखित प्रतियोगी परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा **दिनांक 21 मई, 2023 को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह् 01:00 बजे तक पद नाम–रक्षक (सचिवालय सुरक्षा संवर्ग)** की 04 जनपदों के 62 परीक्षा केन्द्रों में कुल 25,806 परीक्षार्थियों की परीक्षा आयोजित की जा रही है। आयोग द्वारा उपयुक्त परीक्षा केन्द्रों की उपलब्धता के आधार पर अभ्यर्थियों को यथा सम्भव उनके निकटवर्ती जनपद के परीक्षा केन्द्र आंवटित किये गये हैं। उपरोक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थी अपने प्रवेश पत्र **दिनांक–15.05.2023 से** आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं।

अतः एतद् द्वारा समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि :–

1. अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** पर जाकर अपने आवेदन पत्र के अनुसार नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि व मोबाईल नम्बर दर्ज कर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड व प्रिंट कर सकते हैं।
2. अभ्यर्थी समयान्तर्गत अपना प्रवेश पत्र प्रिंट कर लें व उसमें उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन करें तथा निर्धारित समय तक अपने परीक्षा केन्द्र पर उपस्थिति दर्ज करें।
3. अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में **अपनी रंगीन पासपोर्ट साईज की दो फोटो, आधार कार्ड अथवा फोटो युक्त पहचान पत्र (जो मूल में होगा) एवं स्वयं का केवल काला बॉल प्वाइंट पेन परीक्षा** हेतु साथ लाना आवश्यक है। अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष के अंदर उपरोक्त सामग्री के अतिरिक्त सभी अन्य सामग्री **यथा पेन्सिल, रबर, सफेदा या ब्लेड, कैलकुलेटर, लॉग–टेबल, सेलुलर व मोबाइल फोन, घड़ी, ब्लू–टूथ एवं अन्य कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या कोई भी पाठ्य सामग्री (विषय–वस्तु)** आदि परीक्षा कक्ष के अंदर ले जाना पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी भी अभ्यर्थी के पास इस प्रकार की सामग्री पायी जाती है, तो वह सामान जब्त कर लिया जायेगा तथा उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा। **जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।**
4. **आयोग द्वारा अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का पेन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।** अभ्यर्थी ओ०एम०आर० शीट पर उत्तर देने के लिये अपने साथ लाये गये **केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग करेंगे, अन्य** किसी भी प्रकार के पेन का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
5. अभ्यर्थी को बिना पहचान पत्र के परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
6. परीक्षा कक्ष में विवाहित महिला अभ्यर्थी के अत्वाश्यक धार्मिक अति आवश्यक आभूषणों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार का आभूषण पूर्णतः वर्जित है।
7. परीक्षा केन्द्र में अभ्यर्थी की उपस्थिति हेतु निर्धारित समय **प्रातः 9:30 AM** है। किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में **10.30 AM बजे** के बाद प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, परीक्षा केन्द्र में देरी से पहुँचने की स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

सचिव,
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन
आयोग।

Scanned by CamScanner